स्वाध्याय

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(1) हिन्दवासियों में कैसी विविधताएं हैं?

उत्तर : हिन्दवासी अलग-अलग रंग और रूप के हैं। उनके पहनावे अलग-अलग हैं। वे अलग-अलग भाषा बोलते हैं। वे अलग-अलग धर्मों को मानते हैं। इस प्रकार हिन्दवासियों में अनेक प्रकार की विविधताएँ हैं।

(2) माला में कौन-कौन-से फूल एकरूप हुए है?

उत्तर : माला में बेला, गुलाब, जूही, चंपा, चमेली आदि तरह-तरह के फूल एकरूप हुए हैं।

(3) हिन्द देश के निवासी' कविता में किन नदियों का उल्लेख है?

उत्तर : 'हिन्द देश के निवासी' कविता में इन नदियो का उल्लेख है : गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, कृष्णा और कावेरी।

(4) नदियों से हमें क्या संदेश मिलता है?

उत्तर : हमारे देश में अनेक नदियाँ हैं। उनके उद्गम-स्थान अलग-अलग हैं। अलग-अलग मर्दों से बहती हैं। लेकिन अंत में वे सागर में मिलकर एक हो जाती हैं। इन नदियों से हमें यह संदेश मिलता है कि जैसे नदियाँ अलग-अलग होकर भी एक हो जाती हैं, उसी तरह हम भारतवासी अलग-अलग होने पर भी एक होकर रहें।

प्रश्न 2. कोष्ठक में जो शब्द समानार्थी नहीं है, उस पर कीजिए और समानार्थी शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :



उत्तर:

(1) (1) पंथ- यह पंथ सरल नहीं है।

(2) राह-मुझे नई राह मिल गई।

(3) रास्ता-यह सीधा रास्ता है।

(2) (1) कुसुम - यह चमेली का कुसुम है।

(2) पुष्प - कमल के पुष्प जल में होते हैं।

(3) फूल - यह कितना प्यारा फूल है!

(3) (1) अनूठा - यह चर्चा के लिए अनूठा विषय है।

(2) अनोखा - उसने अनोखा रास्ता पकड़ा।

(3) निराला-आपका हर ढंग निराला है।

(4) (1) जून - कोटि-कोटि जन तिरंगे को वंदन करते हैं।

(2) मनुष्य - दुनिया में तरह-तरह के मनुष्य हैं।

(3) मानव-में मानवता हो, वही मानव है